प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 21.02.2026 समय : 01:00 पी.एम.

....

प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया 2026 के तहत अंतिम मतदाता सूची आज प्रकाशित की जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश में पंजीकृत मतदाताओं की तस्वीर साफ हो जाएगी। निर्वाचन विभाग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत 41 लाख 85 हजार नाम हटाये थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि 11 लाख मतदाताओं से दस्तावेज मांगे गये थे। वहीं 10 लाख से ज्यादा लोगों ने निर्वाचन आयोग के समक्ष नाम जोड़ने के लिए आवेदन किया था।

....

राज्य विधानसभा की कार्यवाही आज सुबह विभिन्न याचिकाओं के उपस्थापन के साथ आगे बढ़ी। सदन में राजस्व विभाग से जुडी अनुदान मांगों पर चर्चा की गई। इस दौरान विभिन्न विधायकों ने अपने–अपने क्षेत्रों से जुडे राजस्व संबंधी मुद्दों पर अनुदान बढाने की मांग रखी। इसी बीच भारत आदिवासी पार्टी के विधायकों ने सदन में पेपर लीक मामले को लेकर सरकार की गम्भीरता पर सवाल उठाये और सीबीआई जांच की मांग रखी। विधानसभा में आज मौजूदा राज्य सरकार के दो साल के कामकाज पर चर्चा होगी। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल 'दो वर्ष–प्रगति एवं उत्कर्ष प्रतिवेदन 2024–25–26' सदन में रखेंगे। आज की कार्यवाही को राजनैतिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसमें पक्ष और विपक्ष दोनो अपनी बात रखेंगे।

....

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत राजस्थान दौरे के दूसरे दिन आज जोधपुर में है। वे राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शिरकत कर रहे है। विश्वविद्यालय के 18वें दीक्षांत समारोह में करीब पोने 200 विद्यार्थियों को उपाधियों का वितरण किया जा रहा है।

....

मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने कहा है कि राजस्थान संपर्क पोर्टल के माध्यम से आमलोगों की शिकायतों का त्वरित और समयबद्ध निस्तारण करने के प्रयास किये जा रहे है। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये उन्होंने बताया कि 20 फरवरी तक पंजीकृत 9 हजार 924 शिकायतों में से 9 हजार 916 परिवादों का निस्तारण किया गया है। इनमें सबसे अधिक राजस्व, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी और सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता विभाग से जुडी शिकायतों को निपटाया गया। शिकायत निवारण में जयपुर जिला पहले जोधपुर और भीलवाडा दूसरे और तीसरे स्थान पर रहा है। इस बीच राजस्थान संपर्क पोर्टल पर प्रदेश के 35 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मुख्य सचिव ने कल इस बारे में आदेश जारी किये। इसके अनुसार 4 मार्च से 28 अप्रैल तक राजस्थान संपर्क हैल्पलाईन 181 पर विशेष अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान सचिव से लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी अलग–अलग दिनों में कॉल सेंटर पर बैठकर आमलोगों की शिकायतें सीधे सुनेंगे।

....

नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय एआई समिट में यूथ कांग्रेस की ओर से किये गये विरोध प्रदर्शन के जवाब में आज जयपुर में भाजपा युवा मोर्चा की ओर से प्रदर्शन किया जा रहा है। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा के नेतृत्व में शहीद स्मारक पर ये प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय आयोजन में कांग्रेस के विरोध को दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ बताया है।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 131वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

....

कोटा महोत्सव का आज गोदावरी धाम पर शुभारम्भ हुआ। दो दिन के इस आयोजन के माध्यम से हाड़ौती अंचल की समृद्ध विरासत और एतिहासिक धरोहर तथा पर्यटन को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के प्रयास किये जायेंगे।

कोटा महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रदर्शनी और गतिविधियों के माध्यम से इसे जन भागीदारी का उत्सव बनाया जा रहा है। इसी के तहत चंबल रिवर फ्रंट के तिरंगा घाट पर मास्टर शेफ प्रतियोगिता और पेन्टिंग वर्कशॉप रखी गई है। इसके साथ ही कोटा दंगल कार्यक्रम के तहत कुश्ती मुकाबले भी होंगे। महोत्सव में युवाओं के लिए यंग इंडिया थीम पर करियर मार्गदर्शन का कार्यक्रम भी रखा गया है।

....